बिहार सरकार

## जल संसाधन विभाग

**दिनांक–12.01.2026 को साप्ताहिक समीक्षा बैठक की कार्यवाही।**

सभी मुख्य अभियंता प्रक्षेत्र के लिए निर्धारित उद्व्यय, अद्यतन आवंटन तथा व्यय स्थिति की समीक्षा की गई। विभागान्तर्गत निर्धारित उद्व्यय के विरूद्ध वर्तमान में व्यय 49.90% है। समीक्षा के क्रम में सभी मुख्य अभियंताओं से प्राप्त आगामी तीन महीनों के लक्ष्य के अनुरूप वित्तीय प्रगति प्राप्त करने के लिए कार्य स्थल पर मैन, मेटेरियल मशीनरी की पर्याप्त उपलब्धता एवं इसके सतत् अनुश्रवण की आवश्यकता को रेखांकित कर समीक्षा करते हुए निम्नांकित निदेश दिये गये :-

2. (क) क्रियान्वित योजनाओं में Works Programme के अनुसार पर्याप्त मात्रा में मशीनरी, निर्माण सामाग्री एवं मानवबल की उपलब्धता की समीक्षा के क्रम में मुख्य अभियंता, मोतिहारी अंतर्गत दोन शाखा नहर के सेवा पथ का पुनर्स्थापन कार्य से संबंधित संवेदक/ एजेंसी के Key-Personal की उपलब्धता संबंधी विवरणी MIS Portal पर Properly अपलोड नहीं रहने पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए संबंधित कार्यपालक अभियंता, दोन नहर प्रमंडल, रामनगर से कारण पृच्छा करने का निदेश दिया गया।

(ख) योजनाओं के क्रियान्वयन में कार्य स्थल पर Key Personal की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु सभी मुख्य अभियंताओं को इसका निरंतर समीक्षा करने का निदेश दिया गया। साथ ही सभी कार्यपालक अभियंताओं को दिनांक–15.01.2026 तक MIS Portal पर सभी योजनाओं में संलग्न Key Personal की उपलब्धता से संबंधित दिये गये निदेश के अनुरूप सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया। इस क्रम में आगामी बैठक में इससे संबंधित प्रतिवेदन में Norms के अनुसार आवश्यकता के आलोक में कितने Key Personal Deployed है, कितने का डाटा अपलोड किया गया है तथा कितने Norms से अलग है से संबंधित प्रतिवेदन मुख्य अभियंता प्रक्षेत्रवार उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया।

इस क्रम में अधीक्षण अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग अंचल–2/3/बाढ़ को अपने स्तर से उक्त प्रतिवेदन की समीक्षा करते हुए समेकित प्रतिवेदन दिनांक–16.01.2025 तक उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया।

**(कार्रवाई– अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन/सभी क्षेत्रीय मुख्य अभियंता/ अधीक्षण अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग अंचल–2/3/बाढ़)**

3. यह निदेशित किया गया कि इस वित्तीय वर्ष की समाप्ति में मात्र 2.5 माह का समय ही शेष है। अतः आवंटन की अधियाचना की प्रतीक्षा किये बिना सभी संबंधित मोनिटर को मुख्य अभियंता अन्तर्गत वित्तीय लक्ष्य अनुरूप 31 मार्च तक योजनावार अवशेष उद्व्यय का आवंटन निर्गत किये जाने का निदेश दिया गया।

यह भी निदेशित किया गया कि जिन योजनाओं में निर्धारित उद्व्यय से अधिक राशि की आवश्यकता है उन योजनाओं में उद्व्यय पुनरीक्षण करते हुए आवंटन निर्गत की जाय।

**(कार्रवाई– अधीक्षण अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग अंचल–2/3/बाढ़)**

4. विधि पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि विगत सप्ताह में कुल 17 विभिन्न प्रकार के वाद विभाग के विरूद्ध दायर किया गया एवं विगत सप्ताह में कुल 08 विभिन्न प्रकार के वादों में शपथ पत्र/ कारणद पृच्छा दायर किया गया है। इसके अतिरिक्त पूर्व के कुल 09 मामलों में न्यायनिर्णय पारित हुआ है।

उक्त 09 वादों में से 01 (ACP से संबंधित मामला) वाद में न्यायनिर्णय विभाग के विरूद्ध पारित हुआ है। जो भागलपुर प्रक्षेत्र का मामला है। साथ ही 01 वाद Disposal with Direction पारित हुआ है।

वर्तमान सप्ताह में निर्धारित मानकानुसार विभिन्न प्रकार के कुल 85 वादों प्रतिशपथ-पत्र/ कारण पृच्छा दायर किया जाना लंबित है, जिसमें से 01 वाद मंतव्य हेतु वित्त विभाग को प्रेषित है, 42 वाद नयें है, 31 वाद मुख्यालय स्तर से लंबित है। इसके अतिरिक्त 11 वाद मुख्य अभियंता स्तर पर लंबित है।

मुख्य अभियंता स्तर पर लंबित 11 वादों में से 04 एम0जे0सी0 एवं 04 सी0डब्लू0जे0सी0 मामला 15/30 दिनों से 45 दिनों तक लंबित की श्रेणी में है। मात्र 02 सी0डब्लू0जे0सी0 के मामले 46 से 60 दिनों में लंबित की श्रेणी में है। उक्त के अतिरिक्त मात्र 01 मामला 60 दिनों से अधिक अवधि से लंबित श्रेणी में अंकित किया गया।

**(कार्रवाई- मुख्य अभियंता, भागलपुर/ वीरपुर/ डिहरी/ गोपालगंज/ मोतिहारी/मुजफ्फरपुर/पटना)**

4. बैठक में गत सप्ताह के SOM बैठक की कार्रवाई की अनुपालन की स्थिति की समीक्षा आगामी बैठक में करने का निदेश दिया गया।

अन्त में धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक सम्पन्न हुई।

ह0/-
(संतोष कुमार मल्ल)
प्रधान सचिव,
जल संसाधन विभाग, बिहार

पत्रांक-1/PMC/योजना/20/2024 पटना, दिनांक-........................

प्रतिलिपि :- विकास आयुक्त, बिहार को सादर सूचनार्थ।

ह0/-
प्रधान सचिव,
जल संसाधन विभाग, बिहार

पत्रांक-1/PMC/योजना/20/2024 पटना, दिनांक-........................

प्रतिलिपि :- मुख्य सचिव, बिहार, बिहार को सादर सूचनार्थ।

ह0/-
प्रधान सचिव,
जल संसाधन विभाग, बिहार

पत्रांक-1/PMC/योजना/20/2024 पटना, दिनांक-........................

प्रतिलिपि :- माननीय मंत्री, जल संसाधन विभाग, बिहार के आप्त सचिव को सूचनार्थ समर्पित।

ह0/-
प्रधान सचिव,
जल संसाधन विभाग, बिहार

पत्रांक–1/PMC/योजना/20/2024 - 39 पटना, दिनांक–13/01/2026

प्रतिलिपि :– प्रधान सचिव, जल संसाधन विभाग, बिहार के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ समर्पित।

13/01/26

अभियंता प्रमुख, मुख्यालय
जल संसाधन विभाग, बिहार

ज्ञापांक–1/PMC/योजना/20/2024 - 39 पटना, दिनांक–13/01/2026

प्रतिलिपि :– अभियंता प्रमुख, मुख्यालय/ सिंचाई सृजन/ बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित।

13/01/26

अभियंता प्रमुख, मुख्यालय
जल संसाधन विभाग, बिहार

ज्ञापांक–1/PMC/योजना/20/2024 - 39 पटना, दिनांक–13/01/2026

प्रतिलिपि :– श्री मनोज रमण, तकनीकी परामर्शी/ अपर सचिव/ संयुक्त सचिव/ सभी मुख्य अभियंता/ श्री रवीन्द्र कुमार शंकर, नीतिगत मामलों के सलाहकार/श्री ईश्वर चन्द्र ठाकुर, अध्यक्ष, वाल्मी शासी पर्षद के परामर्शी/संयुक्त सचिव, अभियंत्रण/संयुक्त सचिव, प्रबंधन/ प्रधान सचिव के विशेष कार्य पदाधिकारी/ अधीक्षण अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग अंचल–1/2/3/4/बाढ़/सिंचाई/ स्थानिक अभियंता, सम्पर्क कार्यालय, नई दिल्ली/ सभी कार्यपालक अभियंता/ सभी अवर सचिव को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित।

13/01/26

अभियंता प्रमुख, मुख्यालय
जल संसाधन विभाग, बिहार

ज्ञापांक– 1/PMC/योजना/20/2024 - 39 पटना, दिनांक–13/01/2026

प्रतिलिपि :– कार्यपालक अभियंता, आई0टी0, जल संसाधन विभाग, पटना को संबंधितों को ई–मेल करने एवं बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

13/01/26

अभियंता प्रमुख, मुख्यालय
जल संसाधन विभाग, बिहार